Std.II ( Hindi Lit.)

पाठ - 9

दादा-दादी चुप क्यों रहते?

शब्दार्थ

होमवर्क - गृहकार्य

दफ़्तर -- कार्यालय

जी भर - मन भर

सूने -- खाली

दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें-

Q.1. – पापा दफ़्तर से कब आते हैं?

उत्तर :- पापा दफ़्तर से शाम को आते हैं।

Q.2. -- हम स्कूल से आकर क्या करते हैं?

उत्तर :- हम स्कूल से आकर गृहकार्य करते हैं।

Q.3. -- हमें दादा-दादी संग क्यों बैठना चाहिए?

उत्तर :- दादा-दादी के उदास तथा सूने मन को खुशी देने और उनका अकेलापन दूर करने के लिए हमें उनके संग बैठना चाहिए।

Q.4. -- दफ़्तर से आकर पापा आराम क्यों करते हैं?

उत्तर :- दफ़्तर से आकर पापा बहुत थक जाते हैं, इसलिए आराम करते हैं।

Q.5.-- मम्मी क्या काम करती हैं?

उत्तर :- मम्मी विद्यालय में पढ़ाने का काम करती हैं।

Q.6. – दादा-दादी क्यों चुप रहते हैं?

उत्तर :- दादा-दादी के पास कोई बैठकर बात नहीं करता, इसलिए वे अकेलापन महसूस करते हैं तथा चुप-चाप रहते हैं।

Q.7. -- क्या आप अपने दादा-दादी के पास बैठ कर बात करते हो?

उत्तर :- हाँ, मैं अपने दादा-दादी के पास बैठ कर बात करता हूँ तथा उनके साथ खेलता भी हूँ।

भाषा संसार-

Q.8. --विलोम शब्द लिखें-

दुख × सुख

हंसना × रोना

आना × जाना

बहुत × कम

Q.9.-- इन शब्दों के स्त्रीलिंग रूप लिखें-

पिता -- माता

दादा -- दादी

चाचा -- चाची

मामा -- मामी

नाना -- नानी

मौसा -- मौसी

बेटा -- बेटी